आजा रे कन्हाई

आजा आजा रे कन्हाई तूने काहे देर लगाई
हो.... ओ .... ओ.....
आजा आजा रे कन्हाई , मुझको याद है तेरी आई
मैंने दी है ये पलके बिछा
साँवरिया आजा ना देर लगा , ओ कान्हा.... आजा ना अब तरसा

आँख मेरी भर आई ना आया तू क्यूँ कन्हाई
कैसी है ये रुसवाई ओ साँवरिया.....
ओ कान्हा.. धडकन तुझे पुकारे अंखिया रस्ता तेरा निहारे
ओ छलिया मुरली की तान सुना
सांवरिया जल्दी से तू घर आ, ओ कान्हा आजा ना देर लगा

लबों पे नाम तुम्हारा तु ही परिवार हमारा
तेरे बिन अब ना गुजारा ओ साँवरिया
ओ कान्हा... क्या रखा बातो मे डोर मेरी तेरे हाथो मे
आकर मुझको गले से लगा
सांवरिया जल्दी से तू घर आ, ओ कान्हा आजा ना देर लगा

तू है कण कण समाया नरसी कर्मा ने बुलाया
तब भी तू दौडा आया ओ साँवरिया....
ओ कान्हा... जल्दी से घर आ रे दास विनायक तुझे पुकारे
तूने वादा किया जो निभा साँवरिया आजा ना देर लगा

लेखक - विजय नायक ' विनायक मो. :- 99833 - 63005
गायक - नरेश पंवार बीकानेरी मो. :- 98285 - 48287

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17665/title/aaja-re-kanhaai-tune-kaahe-der-lagaai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |